समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 10 September 2026

# फेसलुक सैलून : संघर्ष से सफलता तक का सफर

Publisher Published on 13 Feb 2026



साधारण परिवार से आने वाले गणेश वरुळे ने अपनी मेहनत और धैर्य के बल पर सफलता की मिसाल पेश की है। फेसलुक यूनिसेक्स सैलून के संस्थापक के रूप में उन्होंने यह साबित किया है कि छोटा सपना भी मेहनत और ईमानदारी से बड़ा बन सकता है।

आज फेसलुक यूनिसेक्स सैलून नासिक के कॉलेज रोड और मोटीवाला कॉलेज के पास सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। ग्रूमिंग और वेलनेस के क्षेत्र में गणेश वरुळे एक जाना-पहचाना नाम बन चुके हैं|

### साधारण जीवन, मजबूत संस्कार

गणेश वरुळे का पालन-पोषण एक साधारण परिवार में हुआ। उनके पिता एक निजी कंपनी में काम करते थे। बचपन से ही उन्हें अनुशासन, ईमानदारी और नियमितता के संस्कार मिले।

उन्होंने 12वीं तक पढ़ाई की। इसके बाद आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्होंने जल्दी काम शुरू करने का फैसला किया।

साल 2010 में उन्होंने एक स्थानीय सैलून में नौकरी शुरू की। अगले छह वर्षों तक उन्होंने हेयर स्टाइलिंग, ग्रूमिंग सेवाएं, ग्राहकों से व्यवहार और सैलून प्रबंधन जैसी हर छोटी-बड़ी बात सीखी।

उनका सपना था कि एक दिन वे अपना खुद का सैलून खोलें, खासकर कॉलेज रोड जैसे व्यस्त इलाके में।

### उद्यम की शुरुआत

साल 2016 में गणेश ने नौकरी छोड़कर खुद का सैलून शुरू करने का साहसिक फैसला लिया। बचत कम थी, इसलिए परिवार से चर्चा कर उन्होंने बैंक से ऋण लिया।

इसी तरह कॉलेज रोड, नासिक में फेसलुक यूनिसेक्स सैलून की शुरुआत हुई। शुरुआत में गणेश खुद ही दुकान खोलते, सफाई

करते, ग्राहकों को सेवा देते और हिसाब-किताब संभालते थे।

**गुणवत्ता से जीता विश्वास**

गणेश के लिए फेसलुक सिर्फ व्यवसाय नहीं, उनकी पहचान था। उनका मानना था कि ग्राहक कम हों तो भी चलेगा, लेकिन हर ग्राहक संतुष्ट होना चाहिए।

सैलून में दी जाने वाली सेवाओं में शामिल हैं:

- हेयरकट
- फेशियल
- हेयर कलर
- मैनीक्योर और पेडीक्योर

गणेश हर ग्राहक को व्यक्तिगत सलाह देते और उनकी जरूरत के अनुसार सेवा प्रदान करते। धीरे-धीरे ग्राहकों का भरोसा बढ़ता गया।

छह महीने के भीतर काम बढ़ा और स्टाफ रखने की जरूरत पड़ी। 2016 से 2019 तक सैलून ने लगातार प्रगति की।

**कोविड-19 की चुनौती**

साल 2020 में कोविड-19 महामारी ने कई व्यवसायों को प्रभावित किया। सैलून लंबे समय तक बंद रहे। आमदनी रुक गई और ऋण की किश्तों का दबाव बढ़ गया।

यह समय गणेश के लिए मानसिक और आर्थिक रूप से कठिन था। लेकिन परिवार और दोस्तों के सहयोग ने उन्हें हिम्मत दी।

जब पाबंदियां कम हुईं, तो उन्होंने सख्त स्वच्छता नियम लागू किए। मास्क, दस्ताने, सैनिटाइजेशन और डिस्पोजेबल तौलिए का उपयोग शुरू किया। उन्होंने पुराने ग्राहकों से संपर्क कर भरोसा दिलाया।

धीरे-धीरे ग्राहक लौटने लगे और काम फिर से पटरी पर आया।

**संकट को अवसर मे बंदला**

महामारी के बाद जहां कई व्यवसाय बंद हो गए, वहीं गणेश ने आगे बढ़ने का फैसला किया। 2023–2024 तक फेसलुक ने फिर से मजबूती हासिल कर ली।

साल 2025 में उन्होंने मोटीवाला कॉलेज के पास दूसरी शाखा शुरू की। यह नया सैलून खासकर छात्रों और युवा पेशेवरों के लिए खोला गया।

**प्रेरणा की मिसाल**

केवल 12वीं तक पढ़ाई करने के बावजूद गणेश वरुळे ने यह साबित किया कि सफलता डिग्री से नहीं, बल्कि मेहनत और सेवा भावना से मिलती है।

आज फेसलुक यूनिसेक्स सैलून नासिक में एक भरोसेमंद स्थानीय ब्रांड के रूप में जाना जाता है।

**सम्मान और पहचान**

**गणेश वरुळे** की इस शानदार उपलब्धि को "**Maharashtra Business Icon 2025 / Maharashtra Style Icon 2025 / Maharashtra Fashion Icon 2025**" जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए चुना गया है। यह सम्मान **Reseal.in** और **India Fashion Icon Magazine** द्वारा उन उभरते उद्यमियों और रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

**भव्य पुरस्कार समारोह**

इस पुरस्कार समारोह में कई प्रसिद्ध फिल्मी हस्तियाँ शामिल होंगी:
⍰ **वर्षा उसगांवकर** – बॉलीवुड अभिनेत्री
⍰ **सोनाली कुलकर्णी** – भारतीय अभिनेत्री
⍰ **प्रार्थना बेहेरे** – भारतीय अभिनेत्री

यह आयोजन **श्री सुधीर कुमार पठाडे**, *Founder & CEO, Sure Me Multipurpose Pvt. Ltd. (Reseal.in)* के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा, जो महाराष्ट्र के उद्यमियों और प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देने के लिए कार्यरत हैं

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.